# यूपीसीडा की मेगा ई नीलामी में 50 भूखंड हुए नीलाम, 6 महिला उद्यमियों ने भी लिया हिस्सा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) की 31 अक्टूबर को आयोजित ई नीलामी में 12 औद्योगिक क्षेत्रों के 50 भूखंड (लगभग 30.5 एकड़ भूमि) की नीलामी हुई। इनमें 46 भूखंड औद्योगिक इकाइयों, तीन हाउसिंग प्रोजेक्ट्स और एक होटल निर्माण के लिए आवंटित किए गए।

नीलामी में भोगांव (मैनपुरी), एमजी रोड (हापुड़), बेगराजपुर (मुजफ्फरनगर), ट्रांस गंगा सिटी (उन्नाव), उरई (जालौन), उतेलवा (अमेठी) सहित विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों के भूखंड शामिल थे। ई नीलामी में नामी कंपनियों के साथ कई स्थानीय उद्यमियों ने भी भाग लिया।

इसमें छह महिला निवेशकों ने भी हिस्सा लिया। यूपीसीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विजय किरण आनंद ने कहा कि हमारा उद्देश्य प्रदेश के प्रत्येक क्षेत्र में संतुलित औद्योगिक विकास को बढ़ावा देना है। यह पहल दस खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में ये निवेश न केवल प्रदेश के औद्योगिक परिदृश्य को गति देंगे बल्कि रोजगार सृजन, क्षेत्रीय संतुलन और आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। ब्यूरो